**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

लोकसभा ने वक़्फ संशोधन विधेयक संबंधी संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल वर्ष 2025 के बजट सत्र तक के लिए बढ़ा दिया है। समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदम्बिका पाल के प्रस्ताव को सदन ने ध्वनि-मत से पारित कर दिया।वक़्फ संशोधन विधेयक-2024 में कई महत्वपूर्ण सुधारों का प्रस्ताव किया गया है। इनमें रिकॉर्ड को डिजिटाइज करना, उचित लेखापरीक्षा, पारदर्शिता में वृद्धि और गैर-क़ानूनी तरीक़े से बनाई गई वक़्फ संपत्ति को वापस लेने संबंधी कानूनी व्यवस्था शामिल हैं। विधेयक का उद्देश्य देशभर में वक़्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार और उनका विनियमन करना है।

*************************************************************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और मादक पदार्थों के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है।कल मसूरी में **लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी** के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की सख़्त नीतियों के परिणाम अनुकूल रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।श्री अमित शाह ने कहा कि देश के समक्ष चार बड़ी चुनौतियां हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, पूर्वोत्तर में घुसपैठ और मादक पदार्थ शामिल हैं।

*************************************************************

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कल फतेहाबाद के रतिया क्षेत्र में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली।उन्होंने कार्यकर्ताओं को हमेशा तैयार रहने और सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेंने को कहा।कांग्रेस द्वारा ईवीएम के खिलाफ की जा रही बयानबाजी को लेकर श्री बड़ौली

ने कहा कि रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा इस्तीफा देकर और जनमत संग्रह करवा ले। उन्हे ईवीएम की सत्यता का पता चल जाएगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिन लोगों के द्वारा विधानसभा चुनाव में खिलाफत की गई है, उन पर भी जरूर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए खरीदे गए नए हेलीकॉप्टर पर पिछले दिनों कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े किए जाने को लेकर श्री बडोली ने कहा कि पहले वाले हेलीकॉप्टर में कोई तकनीकी गड़बड़ी थी, इसी के चलते नया हेलीकॉप्टर खरीदा गया है। इस प्रकार के साधन आपदा के समय काम आते हैं।

***************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल मंत्रोच्चारण और शंखनाद की ध्वनि के बीच सांय कालीन महाआरती का शुभारंभ किया। गीता महोत्सव की इस आरती से ब्रह्मसरोवर की पूरी फिजा भक्ति रस में डूब गई।राज्यपाल ने कहा कि ब्रह्मसरोवर की आरती से पर्यावरण शुद्ध होता है। यह एक आदि भौतिक, आदि दैविक एवं आध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक दृष्टि से भी एक सिद्ध समग्र एवं समन्वित उपक्रम है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान की प्रशंसा की और हर व्यक्ति को इस अभियान में सहयोग देने को कहा ।इससे पहले श्री दत्तात्रेय ने शंखनाद की ध्वनि के बीच कुरुक्षेत्र में सरस और शिल्प मेले के साथ मंत्रौच्चारण के बीच उन्होंने महोत्सव के मीडिया सेंटर का भी उद्घाटन किया।हमारी संवाददाता ने बताया है कि इस सरस और शिल्प मेले के शुभारंभ के साथ ही प्रदेश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों और शिल्पकारों की खुशी का ठिकाना न रहा। इन कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर कर उद्घाटन समारोह को यादगार बनाने का काम किया।

***************************************************************

नई चेतना अभियान के तहत महिलाओं के अधिकारों के बारे जागरूकता बढ़ाने के लिए अंबाला के जी एम एन कॉलेज में पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।समाज शास्त्र विभाग द्वारा करवाई गई इस चर्चा के माध्यम से प्राचार्य डॉ रोहित दत्त और समाज शास्त्र विभाग की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजिका प्रो मनदीप कौर ने घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण बारे अधिनियम एवं  शी बॉक्स पोर्टल बारे जागरूक किया।शैक्षणिक एवं  गैर शैक्षणिक विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ लगभग 100 विद्यार्थियों ने चर्चा में भाग लिया।

*************************************************************

पंचकूला के जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा पंचकूला के गांव कोना व गांव नानकपुर में पनप रही 2 अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई को जेसीबी की मदद से अंजाम दिया गया। अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई सहायक नगर योजनाकार अशोक कुमार व श्री डिम्पी राठी व ड्यूटी मजिस्ट्रेट ललित नंदा, उपमंडल अभियंता, पंचकूला आवासीय बोर्ड निगम एवं भारी पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई। सहायक नगर योजनाकार ने बताया कि अवैध कालोनियों को हटाने से पहले विभाग द्वारा नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इन निर्माणों को नहीं हटाया गया, जिस कारण विभाग को कार्रवाई करनी पड़ी।